Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 10-01-2022 अंक 110

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

APEM LIVE

## आज का पुंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---11.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---पौष
पक्ष :---शुक्ल पक्ष
तिथि :---नवमी तिथि संध्या 04:58 उपरांत दशमी तिथि
दिन :--- मंगलवार
नक्षत्र :---अश्विनी नक्षत्र दिन 02:05 मिनट तक उपरांत भरणी नक्षत्र
योग :---सिद्ध
करण :---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:44
सूर्यास्त : संध्या 05:16
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---मेष राशि मे
आज का राहूकाल दिन :---03:00 बजे से दिन :---04:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक

(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः -- आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से आत्मविश्व मे वृद्धि होता है



आलेख :
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# सरकारी जमीन को अतिक्रम करने के मामले में सीआई ने किया स्थल जांच, अतिक्रमण की हुई पुष्टि

## कब्जा मुक्त करने की मांग को लेकर कोयली के ग्रामीणों ने डीसी को सौपा ज्ञापण, जबरन कब्जा का आरोप

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**



अतिक्रमण कर कब्जा किया हुआ जमीन

बेन्दगी पंचायत के कोयली ग्राम के ग्रामीणों के द्वारा सरकारी जमीन को मो कयूम के द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा करने की शिकायत के बाद सीओ के निर्देश पर प्रभारी सीआई सह राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार ने स्थल पहुंचकर जांच की। जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि मो कयूम उर्फ मोछ्ना ने सार्वजनिक भूमि खाता संख्या 27 प्लॉट संख्या 1427 जो सर्वे खतियान में गैरमजरूआ खास है , कि जमीन को अवैध रूप से कब्जा किए हुए है। अंचल के द्वारा उन्हें निर्देशित किया गया है कि सार्वज. निक सरकारी जमीन पर किसी तरह का कोई कार्य नही करें। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने पुनः जमीन अतिक्रमित करने का कर ही रहा है। ग्रामीणों ने पुनः इस बार जिला उपायुक्त को ज्ञापण सौप कर अतिक्रमण मुक्त कराते हुए अतिक्रमण कारी के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की मांग की है। डीसी को दिए ज्ञापण में ग्रामीणों ने बताया है कि उक्त जमीन सार्वजनिक है एवं कोयली गांव के ग्रामीण उसे सार्वजनिक उपयोग में लाते हैं । स्कूली बच्चे इसी जमीन पर खेल. कूद करते है। सामूहिक चारागाह भी है। इसके बाद भी गांव के ही मोहम्मद कयूम उर्फ मोछ्ना पिता स्वर्गीय आकूब मियां उपरोक्त भूमि पर बाजबरन घर बना लिया है एवं बचे हुए भूमि को सीमेंट तथा तार से घेर कर अपने कब्जे में कर लिया है। जिसके कारण मुख्य रूप से हम सभी ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है । जब हम सब ग्रामीण इसका विरोध करते हैं तो मो. हम्मद कयूम गाली गलौज एवं मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इनहोने पहले भी घर बनाने के लिए अवैध रूप से सरकारी जमीन का अतिक्रमण किया था। जिसको लेकर बरही एसडीओ कार्यालय में धारा 144 के तहत मुकदमा भी चला था। जिसमें बरही अनुमंडल कोर्ट ने साफ कहा था कि प्रश्न गत भूमि पर किसी तरह का कोई निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता । क्योंकि उक्त जमीन सार्वजनिक है। ग्रामीणों ने बताया की प्रशासन का कोई भी डर अतिक्रमणकारी को नहीं है। जिसके कारण उसका मनोबल हमेशा बढ़ता जा रहा है। ज्ञापण में मो एहशान, अब्दुल करीम, मो तैयब अली, मो सेराज ऊद्दीन, ऊगर महतो, मो इस्लाम, चोलो महतो,अजीम, रमजान, रहमत अली, केशो महतो, मो अरबाज, मो इश्तेयाक, रमजान अंसारी, उल्फत अंसारी, इस्लाम अंसारी, मनोज यादव, परमिंदर यादव सहित कई लोगो का हस्ताक्षर है।

# अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सकों एवं फ्रंटलाइन वर्करों ने लिया बूस्टर डोज

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



बूस्टर डोज लेते डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी

कोविड से बचाव को लेकर फ्रंट लाइन वर्कर्स को कोविड का बूस्टर डोज दिया जा रहा। इसी कड़ी में अनुमंडलीय अस्पताल बरही में भी सोमवार को कोविड का बूस्टर डोज के लिए कैम्प लगाया गया। जिसका उद्घाटन डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने खुद बूस्टर डोज ले कर किया। उसके बाद डॉ अनुभा कुमारी, डॉ मो एजाज़, फ्रंट लाइन स्वास्थ्यकर्मियों में पंकज कुमार आज़ाद, बिजेंद्र कुमार, महादेव राम, अब्दुल्ला अंसारी, बिनोद कुमार यादव, विनय कुमार सिन्हा, नरेश कुमार ने भी बूस्टर डोज लिया। बूस्टर डोज के संबंध में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि कोविड का बूस्टर डोज फ्रंट लाइन वर्कर के लिए है। बूस्टर डोज लेने के बाद कोविड संक्रमण का संभावना काफी कम रहती है। चूंकि फ्रंट लाइन वर्करों को हमेशा कोरोना संक्रमित मरीजो के पास ही इलाज या वैक्सीनेशन के लिए ही रहना होता है। इस वजह से उन्हें संक्रमण का चांसेस काफी ज्यादा रहता है। ऐसे फ्रंट लाइन वर्कर के लिए बूस्टर डोज सुरक्षा कवच का काम करता है। अनुमंडलीय अस्पताल के अलावे अन्य फ्रंट लाइन वर्करों को भी जल्द ही बूस्टर डोज मुहैया कराया जाएगा।

9122222016
बिरेन्द्र कुमार
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन


ATM
ग्राहक सेवा केन्द्र
स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

8809224003

Keshri Electronic

Patna Road, Barhi

Email ID :- kp_keshri@yahoo.co.in

PAN No. :- BRRPA7461G

Owner - Priyanka

बरही में पहली बार

मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों एवं फर्नीचर पर फाइनांस की सुविधा।

*0% ब्याज EMI

BAJAJ FINSERV



Mahindra

INSURANCE BROKERS

(Mahindra Group Company)

SAJHEDAARI

vikas mein bhagedari

Point of Sales Person (POSP)

POSP Code: P0007934

Mr. Krishna Prajapati

यहाँ पर सभी गाड़ियो का

Motor Insurance Two Wheelers, Private Car, Commercial Vehicles

(Auto Rickshaw, Truck, Bus, Tractor)

किया जाता है।

LIC Micro Insurance & Health Insurance Available

Add: AT- NEW RAILWAY COLONY GAYA ROAD BARHI 825405

MO:- 7004315535,9122983300

Our Partners

ICICI Lombard, TATA AIG, Liberty General Insurance, HDFC ERGO, Future Generali, digit, care Health Insurance, Royal Sundaram, Oriental Insurance, New India Assurance, Chola MS

सुविधा उपलब्ध:-NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy

## गरजामो में एलएनजेपी ने लगाया नेत्र दान शिविर, पूर्वी जीप सदस्या मुनेजा खातुन हुई शामिल

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



शिविर मे उपस्थित चिकित्सक व अन्य

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के गरजामो में लोक नायक जय प्रकाश आई हॉस्पिटल ने नेत्र दान शिविर का आयोजन किया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि बरही पूर्वी जीप सदस्या मुनेजा खातुन एवं जीप प्रतिनिधि मो क्यूम शामिल हुए। वहीं जीप सदस्या मुनेजा खातुन ने कहा कि लोक एलएनजेपी आई ह०स्पिटल के द्वारा यह एक बहुत सुंदर पहल किया जा रहा है। जो गांव गांव में जाकर शिविर लगा रही है, और मोतियाबिंद जाँच कर रही है। जिससे गांव के वृद्ध महिलाओं एवं पुरुषों को इसका लाभ मिल रहा है। मौके पर सरफुद्दीन मिया, वकड अंसारी, टैबन खातुन, हाजरा खातुन, जुमन मिया, अकबर अली, जलील मिया, सदीक मियाँ, खैरुन खातुन, फुलिया खातुन, फातमा खातुन, असगर अली, मो ताजिन, बंशी दास, घमन दास, संजय दास, मो सद्दाम, लखन दास, अर्जुन दास, विक्की दास एवं गांव के अन्य लोग मौजूद थे।

## कोरोना के नाम पर विद्यालय बंद करना सरकार का निर्णय गलत : मिथलेश यादव

### निजी विद्यालय संघ ने सरकार से की आर्थिक सहायता एवं बेरोजगारी भत्ता की मांग

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



मिथलेश यादव

कोरोना के संक्रमण को देखते हुए झारखण्ड सरकार ने राज्य के सभी कोटि के विद्यालय को बंद कर दिया है। इससे सबसे प्रभावित निजी विद्यालय के संचालक एवं विद्यालय में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मच. ारी हो रहे है। सरकार के इस फैसले को बरही निजी विद्यालय संघ के लोगो ने कड़ा एतराज जताया है। निजी विद्यालय संघ के प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश यादव ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि शिक्षा का अलख जगाने वाले निजी विद्यालय संघ के लोग सरकार के सौतेला रवैया से हताश, निराश और आक्रोश में हैं। 2020 मार्च से लेकर अब तक निजी विद्यालय लगभग बंद हैं। ऐसे विद्यालय संचालन के लिए पूरी तरह से बच्चों के आने वाले शुल्क पर निर्भर रहते हैं। ऐसे विद्यालय में काम करने वाले सभी कर्मचारी पूरी तरह से बेरोजगार हो गए हैं । आर्थिक तंगी के कारण कई लोगों ने आत्म हत्या भी कर लिया है। लेकिन इस ओर न केन्द्र सरकार ध्यान दे रही है न राज्य सरकार। इसलिए निजी विद्यालय संघ सरकार से मांग करता है कि या तो स्कूलों को खोलने अनुमति दे, नहीं तो फिर निजी स्कूलों को सरकार सहायता राशि दे और उसमें काम करने वाले कर्मचारियों को बेरोजगारी भत्ता दे। नहीं तो निजी विद्यालय संघ उग्र आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगा जिसके लिए सरकार जिम्मेवार होगी। क्योंकि षनिजी विद्यालय आज की शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ है, इसे सरकार को समझने की जरूरत हैष विद्यालय बंद न कर कोरोना से बचाव के लिए वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। स्कूल बंद करना कोरोना से निजात पाने का कोई स्थायी समाधान नही हो सकता।

## झारखण्ड राज्य पेंशनर समाज की बैठक में पेंशनर सम्मान समारोह स्थगित करने का निर्णय

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल इकाई की बैठक कोविड-19 गाइड लाइन के तहत सर्वजनिक पुस्तकालय सह वाचनालय परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता पेंशनर समाज के अध्यक्ष रत्नेश्वर प्रसाद केसरी एवं संचालन राजेंद्र प्रसाद रुखरियार ने किया । इस बैठक में बढ़ते कोरोना संक्रमण को लेकर चिंता व्यक्त किया गया एवं आम लोगों से अपील की गई कि वे लोग घर में सुरक्षित रहें । कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करें । मास्क लगाएं एवं 2 गज दूरी बना कर ही रहे। बैठक में सर्वसम्मति से कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए अगले आदेश तक मासिक बैठक एवं अगले माह होने वाले पेंशनर सम्मान समारोह को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर तोखन प्रजापति, परमेश्वर प्रसाद राजेन्द्र प्रसाद रुख़रीयार, अनुज कुमार सिंह,ईश्वर रविदास, बजरंग शर्मा, त्रिवेणी साव,नारायण पंडित, अखिलेश सिंह, बालेश्वर प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, सुखदेव पांडेय, राम पदार्थ शर्मा, नरेंद्रनप्रसाद, बलराम केशरी, रामलखन यादव, त्रिपुरारी पांडेय आदि लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सिमरिया में झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ की ग्राम स्तरीय कमेटी का गठन,

## विजय प्रजापति बने अध्यक्ष व केदार प्रजापति बने सचिव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर कुमार**



चौपारण प्रखंड के ग्राम सिमरिया में झारखंड प्रजा. पति कुम्हार महासंघ की बैनर तले ग्राम स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। जिसका अध्यक्षता सोहर प्रजापति एवं मंच संचालक विजय प्रजापति और रामअवतार प्रजापति ने कियां। सर्वसम्मति से अध्यक्ष विजय प्रजापति, सचिव केदार प्रजापति, कोषाध्यक्ष लल्लन प्रजापति, मीडिया प्रभारी दीपक प्रजा. पति एवं शिव कुमार प्रजा. पति तथा संरक्षक सोहर प्रजापति को बनाया गया। इसके साथ ही महिला मोर्चा से अध्यक्षा संगीता देवी, सचिव बबीता देवी, संरक्षक सावित्री देवी को बनाया गया। पर्यवेक्षक के रुप में चौपारण प्रखंड से अशोक प्रजापति, रामअवतार प्रजा. पति, श्याम सुंदर प्रजापति ,महेंद्र प्रजापति, द्वारिका प्रजापति, देव कुमार प्रजा. पति मौजूद रहे। सभी ने संकल्प लिया कि प्रजापति समाज नए वर्ष में नई ऊर्जा जोश एवं उत्साह के साथ समाज के विकास के लिए काम करेगा।

## क्रांतिकारी के शव यात्रा में शामिल हुए, विधायक एवं पूर्व विधायक

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**






चलकुशा : प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चौबे निवासी पूर्व मुखिया जयदेव चौधरी का निधन रविवार शाम को हो गई। जिसके बाद पूरे चलकुशा एवं बरकट्ठा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जयदेव चौधरी के दोनों पुत्र अंशु चौधरी, रवि चौधरी एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा शव यात्रा सोमवार सुबह चलकुशा प्रखंड मुख्यालय लाया गया। जहां लोगों ने पुष्पमाला से श्रद्धांजलि अर्पित कर व 2 मिनट का मौन धारण रखा गया। शव यात्रा में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ,बगोदर विधायक विनोद सिंह ,पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी, भा. जपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी ,थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह, ऐपवा अध्यक्ष सविता सिंह सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी ,सुखदेव यादव ,विधायक प्रति. निधि दिनेश सिंह ,मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल ,जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोइनुद्दीन उपाध्यक्ष राजू गोप प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव उप प्रमुख दुर्गा यादव, भिखी सिंह प्रधान भुनेश्वर दास, सुभाष ठाकुर ,प्रधान प्रतिनिधि दशरथ यादव ,वीरेंद्र यादव ,लखन साव अशोक यादव ,विजय चौधरी, आलोक सिंह ,बसंत पांडे, इंदरदेव चौधरी ,गोविंद चौधरी ,अजय सिंह,इस्लाम अंसारी, कलीम अंसारी, एवं सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के लोगों ने शव यात्रा में शामिल हुए।

## सतगावां में पानी का पंप लिक, सड़क पर बह रहा है पानी

**अपेम लाइवः कोडरमा**
**धीरज कुमार**



नल फटने से सड़क पर बहता पानी

सतगावां प्रखंड के बासोडीह पंचायत के डुमरी गांव में नल जल का पानी सप्लाई पंप लिक होने से ग्रामीण परेशान हैं। करोडों रुपये के लागत से बने जलमीनार से सप्लाई वाटर पाइप लीकेज होने से हज़ारों लीटर पानी पिछले कई महिनों से बर्बाद हो रहा है एक तरफ सरकार ने कई तरह योजनाओं को धरातल पर उतारकर एक-एक बूंद पानी बचाने के लिए हर तरह का प्रयास कर रही है दूसरी तरफ विभाग के लापरवाही से महीनों से हज़ारों लीटर पानी रोड व खेत में बर्बाद हो रहा है यह नल जल योजना पीएचडी विभाग का है पानी बर्बाद होने का मुख्य कारण पाइप लीकेज बताया जा रहा है। इस समस्या पर ना विभाग का ध्यान है ना ही किसी पदाधिकारी का।यहां के स्थानीय निवासी झुनू पांडे,सुबोध पांडेय,प्रमोद पांडेय, वीरू पांडेय, नवल पांडेय आदि ने कहा कि हमलोग ने मोबाइल के माध्यम से विभाग के कर्मियों को सूचित किया गया है परंतु समस्या जस की तस है क्षेत्र में कई घरों में यह शुद्ध पानी पीने को नसीब नहीं हो रहा है। और यहां रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। वही पाइप लीकेज रहने पर कई घरों तक पानी नहीं मिल रहा है सारा पानी यूहीं बर्बाद हो रहा है।और समस्या जस की तस है क्षेत्र में ऐसे कितने घर है जहां शुद्ध पीने का पानी नसीब नहीं है। प्रखंड के कई मोहल्लों में एक तरफ लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं तो दूसरी ओर पाइप लीकेज के कारण रोज हजारों लीटर पानी नाले और सड़कों पर बह रहा है। विभागीय अधिकारियों की उदास. ीनता के कारण यह स्थिति पिछले काई माह से बनी हुई है। पाइप लाइन लगने के बाद ही अधिकांश जगह लीकेज होने लगे इस कारण बोरिंग चालू होते ही सड़क एवं पानी में बहा कर बर्बाद हो रहा है।

## सतगावां के जिप सदस्य भुनेश्वर राम का निधन, जिले में शोक की लहर

**अपेम लाइवः कोडरमा**
**धीरज कुमार**



(फाइल फोटो) भुनेश्वर राम

जिला कांग्रेस कमेटी कोडरमा के वरीय उपाध्यक्ष एवं कोडरमा जिला अंतर्गत सतगावां प्रखंड के एकमात्र जिला परिषद की सीट से जिला परिषद सदस्य 52 वर्षीय भुनेश्वर राम की अपने पैतृक निवास स्थान ग्राम धनुकी में रविवार देर रात दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। ज्ञात हो कि सतगावां प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर इन्होंने पार्टी की निस्वार्थ सेवा किया। उनके निधन से कोडरमा कांग्रेस परिवार, सतगावां प्रखंड सहित पूरे जिले में शोक की लहर है। भुनेश्वर राम के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू ने कहा के इस दुख की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी है। जबकि प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह के साथ प्रखंड उपाध्यक्ष तारिणी सिंह युवा अध्यक्ष प्रवीण कुमार, जिला महासचिव डॉ मुस्लिम अंसारी,अविनाश कुमार ने स्व राम के निवास स्थान पर उपस्थित होकर मृत शरीर पर कांग्रेस पार्टी का झंडा देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। भुनेश्वर राम के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करने वाले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, माननीय मंत्री बादल पत्रलेख, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व सांसद तिलकधारी प्रसाद सिंह, बरही विधायक उमाशंकर यादव अकेला, गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद, प्रदेश कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो, पूर्व मंत्री केशव महतो कमलेश, वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदीप तुलसियान, पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा, प्रदेश प्रवक्ता ईश्वर आनंद, धनंजय सिंह, महिला अध्यक्ष बेबी सिन्हा वरिष्ठ नेत्री लीलावती मेहता, प्रीति सहाय, अर्चना देवी, उपाध्यक्ष राम लखन पासवान परेश कुमार सिन्हा आशीष पांडेय, महासचिव संजय सेठ, प्रदेश प्रतिनिधि तुलसी मोदी, महासचिव नवनीत ओझा, मुखिया सह महासचिव धीरज कुमार, असंगठित प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ पासवान, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष फैयाज कैसर, महासचिव अशोक सिंह, मुंशी यादव विधायक प्रतिनिधि अज्जू सिंह, प्रतिनिधि राज. कुमार यादव, नारायण वर्णवाल, प्रवक्ता संजय कुमार शर्मा, इंटक जिलाध्यक्ष अनिल यादव, प्रभात कुमार राम, केदार राणा, प्रमोद वर्णवाल, फहीम खान, चांद आलम, इकबाल खान, भोला दास, कामरान खान, विमल सरावगी, शाहूद खान,सुबोध कुमार सहित जिला एवं प्रखंड के कांग्रेस जन सहित जिला वासी शामिल हैं। इधर जिप सदस्य भुनेश्वर राम के आकस्मिक निधन से जिप प्रधान शालिनी गुप्ता मर्माहत हैं। उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शालिनी गुप्ता ने कहा है कि भुनेश्वर राम के निधन से जिले को अपूरणीय क्षति हुई है।







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**


**निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता**

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमा

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत, **शुभ दीपावली**




**सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी**

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## चतरा के तमाशीन वॉटर फॉल में गिरा युवक का शव दस दिन बाद मिला

### चरवाहो ने देखा युवक का पानी में तैरता हुआ शव,ग्रामीणों ने दी राजपुर पुलिस को जानकारी

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



चतरा जिले के तमाशीन जलप्रपात में एक जनवरी को हजारीबाग के सुल्ताना निवासी मोहम्मद ताहिर के 27 वर्षीय पुत्र मोहम्मद तफजूल ने अपने दोस्तों के साथ नया साल में घूमने आया था जो की तमाशीन जलप्रपात के गिरते कलकल झरना और प्राकृतिक के सुन्दरता को देखकर सेल्फी लेने का मन बनाया और ऊपर वाली चोटी के किनारे में मोबाईल से सेल्फी लेने लगा की अचानक पैर फ़िसल गया, और युवक बड़े खाई में जा गिरा।जिससे उसकी मौत फ़०ल में पानी के अंदर हो गया, जिसकी जानकारी गौतखोरो और एन डीआरएफ टीम ने भी युवक का शव को निकालने का हर संभव प्रयास किया था।फ़०ल की अधिक गहराई के कारण शव निकालने में असमर्थता भी जाहिर कर हाथ खड़े कर दिए थे। स्थानीय लोग और कान्हाचट्टी ब्ल०क और थाना प्रशासान के साथ जिला प्रशासन शव को निकालने को लेकर एक सप्ताह हलकान रही। लेकिन तमाशीन जलप्रपात विकास समिति तुलबुल, और आ. रमेदाग, परसोनी सह सुरक्षा समिति के ग्रामीणों ने लगातार शव को देखने के लिए रोजाना तमाशीन आते जाते रहे, जब कुछ स्थानिये गाँव के चारवाहों ने दस जनवरी सोमवार को तमाशीन की बड़े दह में मृतक युवक तफजुल का शव पानी में तैरता देखकर तुलबुल के ग्रामीणों की जानकारी दिया । समिति के लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी हजारीबाग सुल्ताना गाँव के मृतक तफजुल के परिजनों को दिया उसके बाद सुचना रा. जपुर थाना प्रभारी मुकेश कुमार को दिया। राजपुर पुलिस ने तुरंत अपने दल बल के साथ तमाशीन जलप्रपात पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला। उसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया।थाना प्रभारी मुक. ेश कुमार ने कहा की पा. ेस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मोहमद तफजुल के शव को उनके परिजनों क्रो सौंप दिया गया। थाना प्रभारी ने समिति के तुलबुल, परसोणी, आरमैदाग के लोगों को धन्यवाद दिया है,आज उसका शव को गाँव के कब्रिस्तान में दफनाया जाएगा

## राजु साव व केरेडारी भाजपा कार्यकर्ता रांची मानव श्रृंखला में भाग लिए

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




कार्यक्रम में शामिल भाजपाई

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुरक्षा में पंजाब में सुरक्षा व्यवस्था में चुक को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा हरमू चौक से अरगड़ा चौक तक मानव श्रृंखला श्हमारे प्रधानमंत्री हमारे अभिमानश् कार्यक्रम के तहत भाजपाइयों ने करके विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शामिल मोर्चा रामगढ़ जिला प्रभारी राजू साव ने कहा कि प्रधानमंत्री किसी खास पार्टी या दल का नहीं होता है वे पूरे देश के प्रधानमंत्री होता हैं। पंजाब में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चुक होना पंजाब सरकार की नाकामी साबित होती है। पंजाब में प्रदेश कांग्रेस सरकार मुख्यमंत्री को तुरंत त्यागपत्र दे देना चाहिए। मीडिया प्रभारी भा. जपा किसान मोर्चा केरेडारी मंडल द्वारिका प्रसाद,दिलीप कुमार मेहता,रामप्रसाद महतो,पंकज कुमार,धीरू तिवारी,धर्मेन्द्र पांडेय,मुकेश सिंह,अशोक कुमार साव,गोविंद मोहन मिश्रा एवं भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## वैक्सीनेशन की गति तेज करने और सत प्रतिशत वैक्सीनेशन को लेकर बीडीओ ने किया बैठक

**अपेम लाइव**
**गावां / गीरिडीह**
**मुजाहिद अली**




गावां प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में सोमवार को प्रभारी बीडीओ संतोष प्रजापति ने पंचायत सेवक एवं बीएलओ के साथ बैठक किया। बैठक में अब तक प्रखंड में किये गए वैक्सीनेशन का सर्वेक्षण किया गया। बीएलओ के माध्यम से सूची ली गयी कि अब तक कितने लोगों ने वैक्सीन नही लिया है। आज के सर्वेक्षण रिपोर्ट से प्रखंड में पहला डोज लेने वालों की संख्या 65398 एवं दूसरे डोज लेने वालों की संख्या 45286 का आंकड़ा उपलब्ध हो गया है। प्रवासी मजदूर जो प्रखंड से बाहर रह कर काम कर रहे है, वो अब तक वैक्सीन के दोनों डोज लिए है या नही लिए है इसका भी आंकड़ा उपलब्ध संग्रह करने का निर्देश दिया गया। साथ ही 15 से 18 वर्ष के अधिक से अधिक बच्चों को भी वै. क्सीन दिए जाने का निर्देश दिया गया और जो लोग अभी तक वैक्सीन नही लिए है उन्हें भी वैक्सीन दे कर सत प्रतिशत वैक्सीनेशन करने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड के सभी बीएलओ एवं पंचायत सेवक मौजूद थे।

## खानाबदोश जिंदगी गुजार रहे मुसहरों के बीच कंबल का वितरण

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कंबल वितरण करते समाजसेवी उमेश दांगी

अत्याधिक ठंड को देखते हुए समाजसेवी उमेश दांगी के पहल पर बड़कागांव प्रखंड के हरली पंचायत स्थित ललकीमाटी के निकट गंगादोहर नदी के किनारे रह रहे खानाबदोश मुसहरो के बीच बड़कागांव कृषि पदाधिकारी रवि रंजन के हा. थों कंबल दिया गया। अत्याधिक ठंड को देखते हुए समाजसेवी उमेश दांगी ने उक्त मुसहरो का मुआयना करने सोमवार सुबह सुबह पहुंचे जहां ठंड से सिकुड़ते देख प्रखंड कार्यालय प्रशासन को इसकी जानक. ारी दी गई और अविलंब कंबल उपलब्ध कराया गया। मौके पर समाजसेवी उमेश दांगी के साथ-साथ प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन ,केशव नाथ महतो ,अशोक कुमार, दशरथ महतो सहित कई लोग मौजूद थे। उक्त कम्बल के मिलते ही मुस. हरो एवं उनके बच्चों मैं खुशी का ठिकाना ना रहा और बताया कि कुछ लोग भिक्षाटन के लिए निकल पड़े हैं जिसके लिए भी सभी को कंबल उपलब्ध कराया गया।

## गावां में भी कोरोना की रफ्तार तेज एक हफ्ते में लगभग एक दर्जन लोग हुए संक्रमित

**अपेम लाइव**
**गावां / गीरिडीह**
**मुजाहिद अली**



कोरोना की तीसरी लहर का असर अब गावां में भी तेज हो गया है फिर भी प्रशाशन और विभाग सशक्त नहीं दिख रहा हैं। एक सप्ताह के अंदर लगभग एक दर्जन लोग कोरोना प०जिटिव मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सोमवार को भी चार लोग संक्रमित पाए गए हैं। गावां सीएचसी के ओपीडी में इलाज कराने के लिए पहुंचे मरीजों का रिपोर्ट एंटीजेन जांच में प०जिटिव आई है। फिलहाल सभी का सैंपल जांच के लिए सदर अस्पताल गिरीडीह भेजा गया है और संक्रमितो को होम आइसोलेशन में भेज दिया गया है। इस संबध में डॉ सालिक जमाल ने बताया कि आज भी चार लोग एंटीजेन जांच में कोरोना संक्रमित मिला है जिसका आरटीपीसीआर जाँच के लिए सैंपल लेकर गिरीडीह भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि कोरोना का तीसरी लहर आ गया है इससे बचने के लिए लोग मास्क व सेनिटाइजर का प्रयोग करें व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जाने से परहेज करें। कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए आ रहे लोगों को जांच के बाद ही इंट्री दी जा रही है।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय नापो खुर्द में 160 बच्चों को वैक्सीनेशन किया गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




वैक्सीनेशन कराते बच्चे

उत्क्रमित उच्च विद्यालय नापोखुर्द में 15 से 18 आयु वर्ग के बच्चों के लिए एनएम अर्चना कुमारी के देखरेख में वैक्सीन कैंप लगाया गया। विद्यालय व आसपास के कुल 160 बच्चों ने वैक्सीन लगवाया । बच्चों में वैक्सीन लगवाने में काफी उत्साह देखी गई। मौके पर अमृत राय, शिव. राम शर्मा, कुमार सुनील, प्रशांत कुमार, प्रकाशानंद, केसर प्रसाद, संजय राम, दिनेश कुमार साव, आशीष कुमार, विनोद कुमार साहू, पारस प्रसाद, रमेंद्र कुमार साहू, अरुणा कुमारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

APEM LIVE

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## बिरनी के बलगो में पीसीसी और गढ़वाल शिलान्यास किया गया

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत बलगो पंचायत गांव में लगभग 24 लाख की लगता से रोड गढ़वाल का शिलान्यास बगोदर विधायक माननीय विनोद सिंह ने अपने हाथों से नारियल फोड़कर शिलान्यास किया जानक. ारी के अनुसार बता दे कि 15वी वित्त जिला परिषद अनुशंसा के तहत दिया गया है। जिसमें 1300 फुट का निर्माण होना है। जिसमें विधायक विनोद सिंह ने कहा कि या काम सही तरीके से हो जिससे रोड की गुणवत्ता अच्छी हो । यहां की जनता कि काफी दिनों से मांग रही थी की रोड की स्थिति सही नहीं है इसलिए रोड का निर्माण हो उसे देखते हुए हमने यह काम को दिया है जिसमें उपस्थित रहे बगोदर विधायक विनोद सिंह,माले नेता मुस्तकीम अन्सारी, बलगो मुखिया, पंचायत समिति, पंचायत समिति प्रितिनिधि, रोकी, नोशाद, सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

## मुद्रा राईस मामले में भाकपा माले ने निर्दोष लोगों पर पुलिसिया कार्रवाई का किया विरोध

### कहा, कल की घटना का पूरा जिम्मेदार फैक्ट्री प्रबंधन, उसके ऊपर कारवाई हो

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



भाकपा माले ने कल मुद्रा राइस मिल के मृतक मजदूर सद्दाम के परिजनों को मुआवजा दिलाने को लेकर हुए आंदोलन और उसके बाद बरवाडीह में हुई घटना का पूरा जिम्मेदार फैक्ट्री प्रबंधन को ठहराते हुए उनके ऊपर मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही कहा कि, इस मामले में निर्दोष लोगों पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। यदि निर्दोष लोगों को निशाना बनाया गया तो उनकी पार्टी चुप नहीं बैठेगी, जिले भर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। आज इसे लेकर मुफस्सिल इलाके में आयोजित पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक में जहां मृतक सद्दाम को श्रद्धांजलि दी गई, वहीं पूरे घटनाक्रम तथा आगे की योजना पर चर्चा हुई।

**कल ही मुआवजा मिल जाता तो नहीं होती घटना–**

माले नेताओं ने कहा कि, आज जिन लोगों ने मुआवजा दिलाने में तत्परता दिखाई, यदि यह कल ही हो जाता तो कोई घटना ही नहीं घटती। सद्दाम के परिजन तथा अन्य लोग फैक्ट्री गेट पर दिन भर इंतजार में बैठे रहे। लेकिन न तो प्रबंधन ने फैक्ट्री का गेट खोला और ना ही प्रशासन ही गेट खुलवा सका। स्थानीय पुलिस भी लगभग समय वहां मौजूद रही। वहां बैठे लोग दिनभर सदर विधायक के संपर्क में भी रहे, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। फिर शाम होने पर मृतक के परिजनों को यह बोलकर महतोडीह पिकेट भेजा गया कि, कुछ ही देर में कंपनी के लोग आकर मुआवजे के लिए बात करेंगे। लेकिन वहां भी 2 घंटा बीत जाने के बावजूद कोई नोटिस नहीं ली गई। फिर भी वहां लोग बैठे रहे। जबकि कुछ लोग सदर विधायक के पास मदद की फरियाद याद लेकर भी पहुंच गए। वहां भी लोगों को निराशा हाथ लगने पर कुछ असामाजिक तत्वों ने, बरवाडीह में इसी सवाल पर कुछ लोगों द्वारा सड़क जाम कर दिए जाने के दौरान, घटना को अंजाम दिया गया, जो कहीं से भी उचित नहीं है। हालांकि भाकपा माले का यह स्पष्ट मानना है कि, मुआवजे को लेकर यदि कल ही पहल ली गई होती तो बरवाडीह की घटना होती ही नहीं।

**कम मिला मुआवजा–**

माले नेताओं ने कहा कि, मृतक सद्दाम की उम्र 22 –23 वर्ष के बीच थी। इस हिसाब से उसका मुआवजा 15 लाख से भी अधिक होना चाहिए, जबकि उसे सिर्फ 11 लाख मुआवजा मिला है, जो निर्धारित से कम है। इसलिए परिजनों को निर्धारित मुआवजा मिलना चाहिए। मालूम हो, इसी फैक्ट्री में करीब 1 माह पूर्व हुई एक घटना में मृतक मजदूर के परिजनों को 20 लाख 70 हजार रुपए मुआवजा मिला था।

**तेलोडीह घटना की हो रही है पुनरावृति, माले करेगी विरोध–**

माले की ओर से कहा गया कि, कल की घटना के बाद जारी पुलिसिया कार्रवाई में, एक समय भाजपा के शासन में की गई तेलोडीह घटना की याद ताजा हो गई है, जब निर्दोष लोगों सहित पूरे गांव को निशाना बनाकर पुलिस की ज्यादती की गई थी। कल की घटना के बाद भी पुलिस की कार्रवाई से आम लोगों में दहशत व्याप्त है। इसलिए निर्दोष लोगों पर किसी भी कार्रवाई पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। और यदि ऐसा नहीं हुआ तो भाकपा माले चुप नहीं बै. ठेगी, जिले भर में इसका जोरदार प्रतिवाद किया जाएगा। माले की बैठक में अन्य लोगों के अलावा मो. ताज हसन, मो. सलमान, मो. शुभान, मो. सलाउद्दीन, मो. मिंटू मल्लिक,मो. आलम, मो. फिरोज, मुन्ना, रिंकू, पिंटू आदि मौजूद थे।

## मिलन सह बनभोज कार्यक्रम में विशिष्ट जनों का हुआ सम्मान टिंटही चंद्रवंशी ग्रामीण विकास समिति ने किया मार्गदर्शन

### गांव से सेना, रेलवे, नीट में सफल युवाओं का हुआ सम्मान

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



प्रखंड के टिटही ग्राम में चन्द्रवंशी ग्रामीण विकास समिति के द्वारा सिंघरावां पाँच नम्बर जंगल में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही सेना सहित विभिन्न सरकारी सेवा में रत युवाओं को सम्मानित किया गया। गांव के राजेंद्र चंद्रवंशी को सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर जयंत सिन्हा के प्रति आभार जताया गया। गांव से इस वर्ष नीट में सफल छात्र को सम्मानित भी किया गया। चन्द्रवंशी समाज के सैकड़ों महिला , पुरुष व बच्चों ने समारोह में भाग लिया। मिलन समारोह में हजारीबाग चतरा जिला सभा के कार्यकारी अध्यक्ष छत्रधारी चंद्रवंशी ने कहा कि चन्द्रवंशीयों का इतिहास बहुत ही गौरव मय है । सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चन्द्रवंशी ने कहा कि चन्द्रवंशी समाज के लोगों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षा ही अनमोल रत्न है । सभी को अपने बच्चों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। संगठन सचिव अशोक चन्द्रवंशी ने कहा कि हम सभी चन्द्रवंशी समाज के लोग एक हो कर आने वाले पंचायत चुनाव में अपने समाज के लोगों को चुनाव में जीत हासिल कराने के लिए काम करना चाहिए। समाज के संरक्षक राजेन्द्र राम चन्द्रवंशी ने कहा कि चन्द्रवंशी समाज के लोगों को नशा मुक्ति समाज बनाने पर बल देना चाहिए। चन्द्रवंशी समाज के युवा समाज सेवी सह वरिष्ठ पत्रकार शशि शेखर ने कहा कि ग्राम टिटही के चन्द्रवंशी समाज सभी सामाजिक कार्यो में चढ़ बढ़ कर हिस्सा लेते है साथ ही शिक्षा का महत्व भली भांति समझते है। यही कारण है कि यहां के बच्चे नीट ,रेलवे, सीमा सुरक्षा, बल ,वन विभाग, शिक्षक , डॉक्टर इंजीनियर बन रहे हैं । कार्यक्रम में हजारीबाग चतरा जिला सभा के कार्यकारी अध्यक्ष छत्र धारी चंद्रवंशी ,संरक्षक राजेंद्र राम चंद्रवंशी ,संगठन सचिव अशोक चंद्रवंशी , सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र चंद्रवंशी , गांव अध्यक्ष ज्ञानी चंद्रवंशी, उपसचिव महेंद्र चंद्रवंशी ,उपाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष करुणा चंद्रवंशी कोषाध्यक्ष प्रदीप चंद्रवंशी ,युवा समा. जसेवी राजेश रवानी ,वीरेंद्र चंद्रवंशी बरही प्रखंड अध्यक्ष उमेश चंद्रवंशी ,बरही प्रखंड सचिव पप्पू चंद्रवंशी, बा. बूलाल चंद्रवंशी, छोटू चंद्रवंशी, सुभाष चंद्रवंशी, विवेक चंद्रवंशी ,राजू चंद्रवंशी ग्राम टिंटही अध्यक्ष ज्ञानी चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी सचिव प्रकाश चंद्रवंशी ,कोषाध्यक्ष भीम चंद्रवंशी, भूपेंदर चंद्रवंशी, पीयूष चंद्रवंशी, नितेश चंद्रवंशी ,बिहारी चंद्रवंशी, बलदेव चंद्रवंशी, किशन चंद्रवंशी ,रंजीत चंद्रवंशी, नरेश चंद्रवंशी, अवध चंद्रवंशी ,सनी चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, द्वारिका चंद्रवंशी, सुजीत चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी, अंकुश चंद्रवंशी , पंचायत समिति सदस्य रीता देवी, सहित सैकड़ों महिला पुरुषों ने भाग लिया।

## विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर की हैदराबाद में मौत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



तुलसी महतो (फाइल)

विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर की मौत हैदराबाद में हो गई। मृतक तुलसी महतो (45) पिता स्व. गणेश महतो प्रखंड के सारूकुदर गांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह घर के खराब आर्थिक हालात को देखते हुए कमाने के लिए हैदराबाद गया हुआ था। वहां वह एक आरा मिल में मिस्त्री के काम पर लगा हुआ था। इसी बीच रविवार को कंपनी के लोगों ने मजदूर के घर पर फोन कर उसके मौत की खबर दी। सूचना मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। सभी का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक की पत्नी बार–बार बेसुध हो रही थी। मृतक के तीनों बच्चे भी पिता की मौत सुनकर स्तब्ध थे। आसपास के लोग परिजनों का ढांढ़स बंधाने में लगे थे। परिजनों का कहना है कि वे उस कंपनी में इस क्षेत्र से काम करने वाले अकेले मजदूर थे। प्रबंधन मौत के कारणों की सही जानकारी भी नहीं दे रही है। प्रबंधन मामले के लीपापोती की कोशिश में जुटी है। इधर, खबर पाकर दो परिजन शव को लाने के लिए हैदराबाद निकल चुके हैं। इधर, समाजसेवी धर्मेन्द्र महतो, ग्राम प्रधान रोमा देवी, पूर्व मुखिया उत्तम कुमार, नीलकंठ महतो, का. र्तिक महतो आदि ने प्रबंधन तथा झारखंड सरकार से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा तथा अन्य राहत देने के मांग की है। इसके अलावा झारखंड के मजदूरों के पलायन को रोकने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया है।

